वर्ष-15, अंक-65
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

*'विद्या एक ऐसा धन है, जो समाज में आपके सम्मान का विस्तार करता है।'*

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, सोमवार, 10 जून 2024

# तीसरी बार मोदी सरकार, नरेंद्र मोदी ने ली प्रधानमंत्री पद की शपथ

## पटना में जेडीयू और हम पार्टी के कार्यकर्ता ने मनाया जश्न

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ

सिकरहना (पूर्वी चम्पारण), नरेंद्र मोदी ने रविवार की शाम तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। वही अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, डॉ.सुब्रह्मण्यम जयशंकर, मनोहर लाल खट्टर, ललन सिंह, जीतनराम मांझी सहित कई नेताओं ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेन्द्र मोदी ऐसे पहले पीएम बने हैं जिन्हें तीसरी बार जनता ने चुना है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की खुशी पटना में देखी जा रही है। जहां जेडीयू और हम पार्टी के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी और जेडीयू के सांसद को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने की खुशी में आज पटना में जमकर आतिशबाजी की गयी। जीतनराम मांझी को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। पीएम मोदी के साथ जीतनराम मांझी की फोटो लगा बैनर लेकर हम कार्यकर्ता पटना की सड़कों पर दिखे। बैनर में सलामत रहे दोस्ताना हमारा लिखा गया है।





### मोदी 3.0 में प्रधानमंत्री के साथ होंगे 30 कैबिनेट मंत्री

राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह जारी है. चुने हुए सांसद एक-एक कर केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ले रहे हैं. पीएम मोदी की कैबिनेट में उनके अलावा 30 मंत्री अब तक शामिल हुए हैं.

यहां देखिए लिस्ट

1. नरेंद्र मोदी
2. राजनाथ सिंह
3. अमित शाह
4. नितिन गडकरी
5. जेपी नड्डा
6. शिवराज सिंह
7. निर्मला सीतरमण
8. एस जयशंकर
9. मनोहर लाल खट्टर
10. एचडी कुमारस्वामी
11. पीयूष गोयल
12. धर्मेंद्र प्रधान
13. जीतनराम मांझी
14. राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह
15. सर्वानंद सोनेवाल
16. डॉक्टर वीरेंद्र कुमार
17. राम मोहन नायडू
18. प्रह्लाद जोशी
19. जुएल ओरांव
20. गिरिराज सिंह
21. अश्विनी वैष्णव
22. ज्योतिरादित्य सिंधिया
23. भूपेंद्र यादव
24. गजेंद्र सिंह शेखावत
25. अन्नपूर्णा देवी
26. किरण रिजिजू
27. हरदीप पुरी
28. मनसुख मांडविया
29. जी किशन रेड्डी
30. चिराग पासवान
31. सीआर पाटिल

# शिवहर में मना परशुराम सेना के अध्यक्ष कन्हैया लाल पांडे का जन्मदिन

## जन्मदिन की बधाईयों का लगा तांता

चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ|

शिवहर, जय हो कन्हैयालाल पांडे आपका यह जन्मदिन की बधाई हो बधाई ब्राह्मणों को एक जुट करने में आपके योगदान समरस समाज की स्थापना के साथ ब्राह्मणों के संस्कार में आपके योगदान की जितनी सराहना की जाय वह कम है। शिवहर जिला परशुराम सेना के अध्यक्ष कन्हैया लाल पांडे का जन्मदिन मनाया। इनके जन्म दिन को लेकर आज एस एस मैरिज हॉल में केक काटने का शाम सात बजे प्रोग्राम है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। चहूंओर से शुभकामनाएं आने का सिलसिला जारी है।



## देसी कट्टा लहराते युवक का वीडियो वायरल,वीडियो देख एक्शन में आयी पुलिस,अब खानी पड़ेगी जेल की हवा

भोजपुरी गानों के बोल पर देसी कट्टा लहराते हुए सोशल मीडिया पर एक युवक का वीडियो वायरल होने के बाद भरगामा थाना की पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है. जी हां सोशल मीडिया पर उसकी वीडियो आग की तरह वायरल हो चुकी है. वायरल वीडियो में युवक बड़े आराम से बेखौफ होकर हाथों में हथियार लेकर वीडियो बना रहा है. बताया जाता है कि वीडियो को देखते हीं फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार शाह ने भरगामा थानाध्यक्ष मनीष कुमार को मामले की जांच-पड़ताल कर युवक को पकड़कर उनके निशानदेही पर हथियार भी बरामद करने को लेकर दिशा निर्देश दिया है. बताया जाता है

# बिहार के पश्चिमी जिलों में भीषण गर्मी

**15 जून के बाद मोनसून शुरू होने के आसार**



चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ | पटना, पूरा बिहार वर्तमान में आसमान से आ रही धुप के तीखी तपिश झेल रही है. लगभग सभी जिलों खासकर पश्चिमी जिलों में भीषण गर्मी से अब नाम में दम हो गया है. बिहार के लोगो का मानसून की बारिश का बड़ी बेसब्री से इंतजार है. इसी बीच मौसम विभाग के तरफ से समूचे बिहार वासियों के लिए शानदार खबर आ रही है. मौसम के रिपोर्ट के अनुसार बिहार में अब मानसून ज्यादा दूर नहीं रहा है....पटना स्थित मौसम विज्ञानं केंद्र के मौसम रिपोर्ट के अनुसार बिहार में मानसून की पहली बारिश 15 जून के बाद शुरू हो जाएगी. पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते इस वर्ष मानसून के आने की सम्भावना है. उसके बाद लगातार मूसलाधार बारिश शुरू होगी. लोगो को गर्मी से राहत मिल जाएगी....